शुक्रवार
15 सितंबर 2023, बरेली

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 02, BOTTOM

अर्थव्यवस्था को रफ्तार देगा जी-20 सम्मेलन

सिविल लाइंस में बुधवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से सेमिनार आयोजित हुआ।

सेमिनार

बरेली, मुख्य संवाददाता। सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स का गुरुवार को सिविल लाइंस के होटल में सेमिनार हुआ। मुख्य वक्ता एसआरएमएस के प्रोफेसर डॉ. सौरभ गुप्ता ने कहा कि जी-20 सम्मेलन से भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी। ऑटोमोबाइल, मोबाइल फोन व नवीनीकरण ऊर्जा जैसे उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के बाजार में वृद्धि होगी।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद दानिश चिश्ती ने कहा कि इस सम्मेलन से कोयला के माध्यम से बिजली उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से कम करने के प्रयासों में भी तेजी आएगी।

विशेष अतिथि उपायुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने सभी सदस्यों को नई औद्योगिक नीति के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सचिव अल्पित अग्रवाल ने संस्था की शीघ्र प्रकाशित होने वाली डायरेक्टरी के बारे में बताया।